शक्कर नदी पुल के पास गहरे गड्ढे दे रहे हादसों को न्यौता

दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति दुर्घटना का कारण बन सकती है

नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा। शक्कर नदी पुल के समीप सड़क के साइड सोल्डर के किनारे मिट्टी नहीं होने के कारण जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। सड़क से नीचे उतरते समय वाहन चालकों को इन गड्ढों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति दुर्घटना का कारण बन सकती है।

साइड सोल्डर के बाजू में मिट्टी नहीं होने से सड़क का किनारा कमजोर और असमतल हो गया है। पुल के समीप वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण जब वाहन किनारे से निकलने का प्रयास करते हैं तो गड्ढों में पहिया जाने से वाहन का संतुलन बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। वहीं सड़क किनारे पर्याप्त जगह नहीं होने और वाहनों के सुरक्षित तरीके से निकल नहीं पाने के कारण कई बार यातायात प्रभावित होकर जाम की स्थिति भी बन रही है।

सड़क किनारे पर्याप्त मिट्टी डलवाने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन गड्ढों को भरकर साइड सोल्डर के किनारे मिट्टी डलवाकर समतल नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से शक्कर नदी पुल के समीप सड़क का निरीक्षण कर गड्ढों को भरने, साइड सोल्डर को व्यवस्थित करने और सड़क किनारे पर्याप्त मिट्टी डलवाने की मांग की है।

द्वारका सिंह को पुन: मिली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी

नवभारत, गोटेगांव। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा गोटेगांव की ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल तथा जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र दीवान सिंह की अनुशंसा पर चंदली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकासिंह राजपूत को पुन: विधानसभा गोटेगांव का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। कांग्रेसजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

50 शालाओं के प्रधानपाठकों को दिया स्वच्छता का प्रशिक्षण

नवभारत, तेंदूखेड़ा। विगत दिवस विकासखंड चांवरपाठा के उत्कृष्ट विद्यालय में डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया स्कूल हाईजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत विकासखंड की चिन्हित 50 शालाओं के प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों के लिए स्वच्छता शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण रेकिट के सहयोग से जागरण पहल के राज्य प्रबंधक राजकुमार राय द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात प्रतिभागियों से ऑनलाइन प्री टेस्ट भरवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में शौच के बाद एवं भोजन करने से पहले हाथ नहीं धोने से होने वालीबीमारियों से स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई।

स्वच्छता के महत्व को समझाया गया

प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो कॉमिक्स एवं पोस्टर सहित विभिन्न गतिविधियों द्वारा स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। साथ ही हाथ धोने के छह चरणों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रतिभागियों ने स्वयं हाथ धोने की गतिविधि में शामिल होकर सही प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण की विषय वस्तु को स्पष्ट किया गया तथा डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम द्वारा देशभर में किए जा रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक सुनील श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर में

सज गया राखी बाजार अब ग्राहकी का इंतजार

नवभारत, तेंदूखेड़ा। भाई बहनों के स्नेह का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में आकर्षक राखी की दुकानें सज गई हैं। इनकी अलग दुकानें लगाई गई है। लेकिन इस बाजार को ग्राहकी का इंतजार है। दुकान दारों का कहना है कि अभी अपेक्षाकृत ग्राहकी नहीं आ रही है। और पिछले साल की अपेक्षा राखियां थोड़ा महंगी भी है। जिस हिसाब से लागत लगाई गई है उस हिसाब से बिक्री बाजार से नदारत है।

वॉलीबॉल एवं खो-खो में 15 खिलाड़ियों का जिला स्तर के लिए चयन

नवभारत, साईंखेड़ा। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के चयन परीक्षण में सेंट्रल पब्लिक एकेडमी, साईंखेड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के करीब 40 खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल एवं खो-खो में हिस्सा लिया, जिसमें कुल 15 खिलाड़ियों ने विकासखंड स्तर पर सफलता प्राप्त कर जिला स्तर के लिए स्थान बनाया। वॉलीबॉल की 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में वेद सिंह राजपूत, भूमन्यु शर्मा, मोहित रजक, सिद्धांत द्विवेदी, शिखाग्र राजपूत, कृष्णा राजपूत, अनुभव चौकसे एवं राघव अग्रवाल का चयन हुआ। वहीं खो-खो में उन्नति मेहरा, सौम्या पटेल, आशी भदौरिया, सांभवी राजपूत, अंशिका पटेल, मानवी पटेल एवं समरजीत सिंह राजपूत ने सफलता हासिल की। खिलाड़ियों की सफलता में प्रशिक्षक लाल सर एवं शिखा मैम के मार्गदर्शन और नियमित अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाए।

रामेश्वर प्रसाद का स्वर्गवास

नवभारत, गोटेगांव। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी निवासी गंगानगर कॉलोनी रामेश्वर प्रसाद शर्मा का 74 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया है। आप सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे संजय शर्मा संदीप शर्मा के पूज्य पिताजी थे आपके स्वर्गवास का समाचार प्राप्त होते ही परिजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अंतिम संस्कार एवं शव यात्रा में सभी वर्ग-समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री शर्मा जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

अशोक कुमार जैन का देवलोक गमन

नवभारत, गोटेगांव। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाज सेवी एवं अनामिका जनरल स्टोर के संचालक बैलहाई निवासी अशोक कुमार जैन का अस्वस्थता के चलते लगभग 62 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया है। आप सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे पत्रकार अनिल जैन के बड़े भ्राता श्री एवं अमन जैन के पूज्य पिता श्री थे। आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होते ही परिजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अंतिम संस्कार एवं शव यात्रा में सभी वर्ग-समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने श्री जैन जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

संभाग स्तरीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता में बीएसएल पब्लिक स्कूल के छात्र का राज्य स्तर पर चयन

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी टीम एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया

नवभारत, करेली। बीएसएल पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र प्रयांशु विश्वकर्मा ने गाडरवारा में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता के 19 वर्ष आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन सुनिश्चित किया।

प्रयांशु ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करके अपनी टीम एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित छात्र 15 से 18 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बीएसएल पब्लिक स्कूल परिवार ने छात्र को शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

नवभारत, नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने विकासखंड करेली में हुई दो मातृ मृत्यु के कारणों का विस्तृत विवरण तैयार कर संभागायुक्त भोपाल को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रूप से रेफर नहीं किया जाए। अनावश्यक रेफरल के प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित चिकित्सकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं जांच की प्रगति की समीक्षा करते हुए विकासखंड साईंखेड़ा, चांवरपाठा एवं नरसिंहपुर में पंजीयन की उपलब्धि कम पाए जाने पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने को कहा। चार प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच के मामले में चांवरपाठा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर की उपलब्धि कम पाए जाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मॉडरेट एनीमिया प्रबंधन की समीक्षा के दौरान करेली, नरसिंहपुर, चांवरपाठा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर में कम उपलब्धि पाए जाने पर शत-प्रतिशत प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साईंखेड़ा के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थिति की स्थिति में स्वास्थ्य संस्था के सूचना बोर्ड पर स्पष्ट जानकारी अंकित करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

ब्राह्मण महासभा द्वारा किया गया सशिमं में पौधरोपण

नवभारत, तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में ब्राह्मण महासभा सभा द्वारा 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य लिया है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए प्रति दिवस अलग-अलग सुरक्षित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इनका उद्देश्य केवल पौधारोपण ही नहीं करना है बल्कि इनकी सुरक्षा करते हुए वृक्षों के रूप में परिवर्तित करना और तेंदूखेड़ा को हरा-भरा बनाना इनका मुख्य उद्देश्य है। मंगलवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण रोपण कार्यक्रम महासभा के पदाधिकारियों एवं विद्यालय परिवार के आचार्यों की उपस्थिति में किया गया।

बच्चों को अच्छे संस्कार देने की जरूरत

नवभारत, तेंदूखेड़ा। वर्तमान समय देखा देखी मंहगे शौक और पाश्चात्य संस्कृति की जकड़ के चलते अपनी भारतीय सभ्य सभ्यता से बाहर होता चला जा रहा है।दूषित होते सामाजिक वातावरण के कारण धार्मिक माहौल भी परिवर्तित होता चला जा रहा है। जिस कारण से समाज को अत्यधिक नुकसान भोगना पड़ रहा है। धार्मिक वातावरण से मुंह मोड़ कर अनावश्यक की गतिविधियों में संलग्न रहने व्यसनों की जकड़ में आता चला जा रहा है। जिसका सीधा प्रभाव छोटे छोटे बच्चों पर पड़ रहा है।जो सबसे घातक साबित हो रहा है। हमें अपने बच्चों को इस परिवेश से बचाते हुए अच्छे संस्कार देने की जरूरत है।उक्त विचार समीपी ग्राम इमझिरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथा व्यास पंडित रामनाथ शास्त्री ने व्यक्त किए। कथा के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु की हर लीला हमें जीने का सही मार्ग और दिशा दिखलाती है वास्तव में यदि हम उसे लीला को अपने जीवन में धारण करें तो हम अपने मोक्ष के द्वारा स्वयं खोल सकते हैं। भगवान ने जहर पिलाने वाली पूतना को भी दर्जा दिया था। वास्तव में इस रस सृष्टि में माँ की ममता और और पिता के फर्ज का मूल्य जीवन भर नहीं चुकाया जा सकता है। श्रद्धालुओं को मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि हमें समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण कायम करना है तो हमें हर परिस्थितियों में मर्यादा में रहना होगा प्रभु श्री राम के चरित्र का उदाहरण देते हुए बताया कि प्रभु श्री राम ने आजीवन अपनी मर्यादा में रहकर अपने सभी कर्तव्यों का भली भांति निर्वाह किया है। पिता की एक आज्ञा पर अपना राजपाट धन वैभव यश कीर्ति की मर्यादा किए बिना हस्ते हस्ते वन के रास्ते की ओर आगे बढ़ गए।

समाज सेवा के संकल्प के साथ बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाएं शुरू

- **मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ, नवप्रवेशित विद्यार्थियों को वितरित की गईं पुस्तकें**

नवभारत, करेली। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक माधवी पाठक ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों एवं समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर कार्य करने तथा सामुदायिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा से जुड़ा यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ समाज के लिए उपयोगी बनें और सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ समाज को नशे जैसी गंभीर समस्या से बचाना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। आज अनेक परिवार और युवा नशे की गिरफ्त में हैं, ऐसे लोगों के बीच जाकर जागरूकता फैलाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना समाजसेवियों के लिए एक बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना चाहिए। एमएसडब्ल्यू के छात्र व शासकीय अधिमान्य पत्रकार अमित जैन संजय ने युवाओं से अपने से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का भी आह्वान किया। व प्रथम वर्ष के अनुभवों को शेयर करते हुए काव्यात्मक प्रस्तुति दी। युवा पत्रकार रामकुमार विश्वकर्मा ने अपनी बात कहते हुए संगठनात्मक गीत की प्रस्तुति दी।अतिथियों के उद्बोधन के बाद बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र - छात्राओं को अध्ययन सामग्री एवं पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी नई शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

संस्कृत विद्यापीठ में सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

नवभारत, गोटेगांव। स्थानीय दानगंज गल्ला मंडी स्थित पं. गणेश चौबे संस्कृत विद्यापीठ में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन एवं नगर भ्रमण रैली के साथ किया गया।

प्रथम दिवस सभी विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर सामूहिक स्वस्तिवाचन पाठ किया गया। इसके पश्चात निकाली गई रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: पाठशाला में संपन्न हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष श्रीमती रूप पटेल रहीं। सप्त दिवसीय आयोजन के अंतर्गत संस्कृत गीत प्रतियोगिता, श्रावणी उपाकर्म, वेद पूजन, वेद पाठ, संस्कृत संभाषण, संस्कृत निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिका, छात्र एवं नगर के विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

सांगई के स्कूल में छात्राओं ने बनाई आकर्षक राखियां

- **राखी बनाओ एवं सजाओ प्रतियोगिता में दिया रक्षाबंधन का संदेश**

नवभारत, गाडरवारा। भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का पर्व रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पर्व की तिथि नजदीक आते ही लोगों में उत्साह बढ़ने लगा है। इसी क्रम में बीते मंगलवार को ग्राम सांगई स्थित एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए राखी बनाओ एवं सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने अपने घर से स्वयं तैयार की गई राखियों को आकर्षक ढंग से सजाकर विद्यालय में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के उपरांत कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का चयन किया गया, जिन्हें जल्द ही पुरस्कृत किया जाएगा। कक्षा 8वीं की छात्राओं दुर्गा केवट एवं अंकिता धानक ने बताया कि उन्होंने पतले मोतियों का उपयोग कर राखियां तैयार की हैं, जिन्हें वे 28 अगस्त को अपने भाइयों की कलाई पर बांधेंगी। वहीं कक्षा 7वीं की छात्राओं मुनमुन केवट एवं विद्या केवट ने कहा कि उन्हें रक्षाबंधन पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है और उन्होंने अपने भाइयों के लिए उत्साहपूर्वक राखियां तैयार की हैं।

सालीचौका के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

नवभारत, गाडरवारा। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार तथा विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं जीवन-मूल्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों में 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा द्वारा दिए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सालीचौका स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य ए.के. रघुवंशी के मार्गदर्शन में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

घोषणा | **नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार**

अरुण श्रीवास्तव बने कांग्रेस मीडिया प्रभारी, मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

नवभारत, सांईखेड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांईखेड़ा की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। नवगठित कार्यकारिणी में पिपरिया कला निवासी वरिष्ठ एवं सक्रिय कांग्रेस नेता अरुण श्रीवास्तव को ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन ने उनकी सक्रियता, निष्ठा एवं संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह दायित्व प्रदान किया है। अरुण श्रीवास्तव को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से पिपरिया कला सहित सांईखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अरुण श्रीवास्तव के संगठनात्मक अनुभव एवं सक्रियता से ब्लॉक कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। साथ ही पार्टी की गतिविधियों एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर अरुण श्रीवास्तव ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

बधाइयों का सिलसिला जारी

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पिपरिया कला सहित पूरे सांईखेड़ा ब्लॉक में कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाना तथा जनता के अधिकारों एवं समस्याओं को प्रमुखता से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही अरुण श्रीवास्तव को कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, मित्रों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

28 को रक्षाबंधन का पर्व, कल मनाया जाएगा श्रावणी उपाकर्म

- **रक्षाबंधन पर बोले-जाने वाला मंत्र येन**
- **बद्धो बली राजा का विशेष महत्व है**

नवभारत, गोटेगांव। सनातन धर्म का प्रमुख पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 28 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन प्रात: 5:54 से 9:48 बजे तक राखी बांधने का विशेष शुभ मुहूर्त रहेगा, इसके बाद पूरे दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध सकेंगी। रक्षाबंधन पर बोले जाने वाला मंत्र येन बद्धो बली राजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसी रक्षासूत्र से दानवों के राजा महाबली को बांधा गया था। कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी और उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उनके द्वारपाल बन गए। तब माता लक्ष्मी ने गरीब महिला का रूप धरकर बलि को राखी बांधकर भाई बनाया और उपहार में भगवान विष्णु को वैकुंठ वापस ले जाने का वचन लिया। तभी से यह पर्व मनाया जा रहा है। वहीं ब्राह्मणों का प्रमुख पर्व श्रावणी उपाकर्म 27 अगस्त को मनाया जाएगा।

देवताओं का आव्हान कर नवीन जनेऊ धारण करेंगे

काशी के ऋषिकेश पंचांग के अनुसार इस दिन पूर्णिमा प्रात: 8:32 से 9:19 बजे तक रहेगी। पंचांग गणना के अनुसार शुक्ल यजुर्वेदियों का उपाकर्म 27 अगस्त को और कृष्ण यजुर्वेद तैत्तरीय आपस्तंब व हिरण्यकेशी सूत्र वालों का उपाकर्म 28 अगस्त को रहेगा। इस पर्व पर सभी भूदेव एकत्र होकर याज्ञवल्क्य, अरुंधती सहित सप्तर्षियों का पूजन कर यज्ञोपवीत में देवताओं का आवाहन कर नवीन जनेऊ धारण करेंगे।